# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक 18 जनवरी, 2025** **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना अरनिया**

**कार सवार लुटेरों से थाना अरनिया पुलिस व स्वाट टीम देहात की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 02 बदमाश घायलावस्था में अपने अन्य 01 साथी सहित गिरफ्तार, कब्जे से लूटी गयी कार एवं मोबाइल, अवैध असलहा, कारतूस, चाकू, नकदी, घटना में प्रयुक्त कैंची व ब्लेड बरामद।**

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 18.01.2025 को थाना अरनिया पुलिस व स्वाट टीम देहात मौहम्मदपुर फ्लाईओवर/ईशनपुर के तिराहे पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग में मामूर थी तभी एक सफेद रंग की संदिग्ध कार आती हुई दिखायी दी जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो नहीं रुके तथा कार को फ्लाईओवर के नीचे की तरफ तेजी से मोड़कर अलीगढ़ की ओर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया। आगे रास्ता बंद होने के कारण बदमाश भागने में असफल रहे तथा अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में रमन पाठक व आकाश गिरी गोली लगने से घायल हो गये जिनको उनके 01 अन्य साथी सहित गिरफ्तार किया गया। **गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 01. रमन पाठक पुत्र चेतन हरि निवासी ग्राम नंगला ओझा थाना चंदपा जनपद हाथरस (घायलावस्था) 02. आकाश गिरी पुत्र अजय गिरी निवासी ग्राम पकड़ी गोसाईं फजलनगर थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर(घायलावस्था) 03. शिवम सिंह पुत्र किशन सिंह निवासी ग्राम लेहा बाजिदपुर थाना सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस के रुप में हुई हैं**, घायल बदमाशों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, चाकू, नकदी, लूटी गयी कार एवं मोबाइल,घटना में प्रयुक्त कैंची व ब्लेड बरामद हुए है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म के लुटेरे हैं जिनके द्वारा दिनांक 16.01.2025 को थाना अरनिया क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति से वैगनार कार व मोबाइल लूट की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना अरनिया पर मुअसं-18/25 धारा 309(6) बीएनएस पंजीकृत हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता**-

1. रमन पाठक पुत्र चेतन हरि निवासी ग्राम नंगला ओझा थाना चंदपा जनपद हाथरस।
2. आकाश गिरी पुत्र अजय गिरी निवासी ग्राम पकड़ी गोसाईं फजलनगर थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर।
3. शिवम सिंह पुत्र किशन सिंह निवासी ग्राम लेहा बाजिदपुर थाना सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस।

**बरामदगी**-

1- 3000/- रुपये नकद।
2- 01 वैगनार कार सफेद रंग (यूपी 13 डीटी 6840) (लूटी हुई)
3- 01 मोबाइल पोको(लूटा हुआ)
4- 02 तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा, 02 खोखा कारतूस।
5- 01 अदद चाकू।
6- 01 कैंची व 01 ब्लेड(घटना में प्रयुक्त)

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना अरनिया पर मुअसं- 19/25 धारा 109 बीएनएस व 3/4/25/27 आयुध अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं- 18/25 धारा 309(6) बीएनएस थाना अरनिया जनपद बुलन्दशहर।

2- मुअसं- 19/25 धारा 109 बीएनएस व 3/4/25/27 आयुध अधि0 थाना अरनिया जनपद बुलन्दशहर।

## गिरफ्तार करने वाली थाना अरनिया पुलिस टीम-

1- श्री पम्मी चौधरी थाना प्रभारी अरनिया।

2- उ0नि0 सौरभ कुमार, उ0नि0 नवनीत कुमार।

3- है0का0 सूबेराम नागर, का0 ललित कुमार, का0 मोहित बैसला, का0 कुलदीप कुमार, का0 विष्णु चौधरी, का0 जितेन्द्र कुमार।

## स्वाट टीम देहात-

1- उ0नि0 श्री लोकेश अग्निहोत्री

2. है0का0 487 नेत्रपाल राणा, है0का0 700 नितिन कुमार, है0का0 1278 कुलदीप सिंह, है0का0 685 अरूण कुमार, का0 2505 मनीष कुमार, कां0 1480 आकाश कुमार, कां0 1821 विपिन कसाना, कां0 76 अजय सोलंकी।

**मीडिया सेल बुलंदशहर**